# कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 15वीं बैठक दिनांक 05.03.2025 की कार्यवाही का प्रतिवेदन

कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार की **15वीं** वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन डॉ0 आर0 के0 सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में दिनांक 05.03.2025 को कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार के प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 दिलीप कुमार महतो, सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियाँ, डॉ0 राजीव सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार, जिला कृषि पदाधिकारी, कटिहार, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, कटिहार, डी0डी0एम0 नाबार्ड, क्षेत्र अधिकारी, ईफको, मुख्य प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक तथा केन्द्र के सभी वैज्ञानिक एवं जिले के कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस बैठक में **14वीं** वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा सम्मानित सदस्यों द्वारा की गई, जिसे सदन द्वारा संपुष्ट किया गया।

उपस्थितिः पंजी में संधारित

**बैठक में उपस्थित सदस्यों से आपसी विचार विमर्श के उपरांत निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मती से पारित किये गये :**

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार में स्थापित Low Cost IFS Model को आदर्श मॉडल मानते हुए इसको स्थापित करने एवं इससे प्राप्त आय की सूचना संकलित की जाय जिससे जिले के अन्य किसानों को फायदा मिले।

(अनुपालन–प्रभारी, IFS Model)

2. जिला कृषि कार्यालय से समन्वय स्थापित कर कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलेट को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

3. कटिहार जिले के प्रगतिशील किसान श्री पंचलाल मंडल द्वारा जैविक खेती करने का अनुभव तथा जैविक खेती की बहुलता एवं इसकी गुणवत्ता बैठक में साझा किया गया।

4. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में उपस्थित किसानों ने नैनो यूरिया की उपयोग से फसल की पैदावार से संबंधित अपने विचार व्यक्त किये। साथ हीं उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र को नैनो यूरिया पर अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों को आयोजित कर इसके प्रभाव का अध्ययन करने की बात कही।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

5. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के अन्तर्गत किसान के प्रक्षेत्र में लगाये गये गेहूं की किस्म (डी0बी0डब्लू0–187) की उपज को जिला कृषि कार्यालय को सूचित करने की बात कही गई।

(अनुपालन–विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)

6. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण में जूट, दलहनी फसलों, सबौर राईजोबियम, सबौर पी0एस0बी0 एवं करेला को शामिल करने का सुझाव दिया गया।

**(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)**

7. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में जिले के किसानों को चयनित कर मखाना एवं बोरो धान की आय व्यय की गणना करने हेतु सुझाव दिया गया।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

8. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में डी0डी0एम0 नाबार्ड द्वारा एफ0पी0ओ0 को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता एवं किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्राप्त हो।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

9. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में किसानों द्वारा हाईब्रिड नारियल को कटिहार जिलें में प्रोत्साहित करने की बात कही गई।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

10. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में पी0पी0भी0एण्डएफ0आर0ए0 के तहत आम के उन्नत किस्म चित्तरंजन के पंजीकरण संबंधित सूचना प्रगतिशील श्री कालीदास बनर्जी के द्वारा दी गई। उन्होंने इस किस्म के प्रचार–प्रसार हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र से अनुरोध किया। साथ हीं उन्होंने इस किस्म के पौध उपलब्ध कराने की बात कही।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

11. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में किसानों के द्वारा मखाना की उन्नत प्रभेद–सबौर मखाना–1 की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में बात कही गई।

(अनुपालन–सभी वैज्ञानिकगण)

12.. वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में इफको द्वारा उत्पादित नैनो डी0ए0पी0 के संबंध में क्षेत्र प्रभारी इफको द्वारा जानकारी दी गई।

Rajesh

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार

ज्ञापांक–VIII/KVK, Katihar/ 751A

दिनांक– 07/03/2025

प्रतिलिपिः सभी सदस्य, वैज्ञानिक सलाहकार समिति/संबंधित वैज्ञानिकगण एवं पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Rajesh

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिहार

प्रतिलिपिः सह अधिष्ठाता–सह–प्राचार्य, भो.पा.शा.कृषि महाविद्यालय, पूर्णियां / निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ समर्पित।